श्री पूंजाभाई जैनग्रंथमाला - ७

जिनागमकथासंग्रह

संपादक
अध्यापक बेचरदास दोशी

'जैनसाहित्यप्रकाशन' ट्रस्ट
अहमदाबाद

अर्पण

स्व० पिताजी और चि० माताजी

यह संग्रह आप को अर्पण कर के भी

मैं उरिण नहीं हो सकता ।

सेवक

बेचरदास

प्रकाशक का निवेदन

गूजरात विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित 'प्राकृतकथासंग्रह' बहुत समय से अलभ्य हो गया था। अर्धमागधी भाषा के विद्यार्थिओं को वह पुस्तक ठीक उपयोगी होने से उसकी मांग चालू थी। इससे उसकी द्वितीयावृत्ति शीघ्र प्रकाशित करने का निर्णय किया गया।

किन्तु, द्वितीयावृत्ति तैयार करने के वक्त ऐसा समझा गया कि उस पुस्तक को सविशेष उपयोगी करने के लिये उसकी कथायें विशिष्ट दृष्टिबिंदु से, और प्राकृत साहित्य के विविध अङ्गों का यथोचित परिचय दे सके ऐसी वैविध्ययुक्त करने के ख्याल से पुनः पसंद करने की जरूर है। इससे वह कार्य प्राकृत व्याकरण और साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान पंडित बेचरदासजी को सुप्रत किया गया। उन्होंने सविशेष श्रम से विविध ग्रंथों मे से यह कथायें एकत्रित की। किन्तु उनको प्रकाशित करने के पहिले गत स्वातंत्र्य-युद्ध में गूजरात विद्यापीठ और उसके सेवकगण सामिल हो गये। इससे इतने समय बाद यह ग्रंथ प्रकाशित किया जाता है। आशा

है कि इस पुस्तक से प्राकृत भाषा के अभ्यासीओं की बहुत समय की एक अपूर्णता दूर होवेगी।

'प्राकृतकथासंग्रह' प्रकाशित करने के वख्त जाहेर किया गया था कि उक्त कथाओं का कोश और संक्षिप्त प्राकृत व्याकरण भी बाद में प्रकाशित किया जायगा। किन्तु बहुत समय व्यतीत होने पर भी वह शक्य नहीं हुआ। इस वख्त प्राकृत भाषा का सरल व्याकरण और कथाओं का विस्तृत कोश, टिप्पणियाँ आदि इस ग्रंथ में ही प्रकाशित किये गये हैं। पंडितजी ने ऐसी कुशलता से यह पुस्तक तैयार किया है कि संस्कृत भाषा और व्याकरण का सामान्य परिचयवाला कोई भी विद्यार्थी इस एक पुस्तक से हि प्राकृत व्याकरण और साहित्य में सुविधा से प्रवेश कर सकेगा।

आशा है कि जिन्हों के लिये यह पुस्तक प्रकाशित किया जाता है वे उससे यथोचित लाभ अवश्य उठायेंगे।

प्रस्तावना

प्राकृत भाषा का अभ्यास विशेष सुगम हो इस लिये यह 'जिनागमकथासंग्रह' की योजना की गई है और उसको अधिक व्यापक बनाने के लिये हिंदी भाषा का उपयोग किया गया है। संग्रहगत कथाओं की टिप्पणियाँ व शब्दकोश तथा प्राकृत भाषा का साधारण परिचय यह सब को समझने का वाहन हिंदी भाषा है।

मूल जैन सूत्रों से तथा कथाओं के व सूक्तिओं के जैन ग्रंथों से संग्रहगत सामग्री संगृहीत की गई है। कथायें व सूक्तियें मनोरंजक और बोधप्रद होने के साथ भाषा के अभ्यास में भी सहायक होनेवाली हैं।

अभ्यासी को व्युत्पत्ति व शब्द और शब्दार्थ के क्रम-विकास का थोड़ाबहुत ख्याल हो इस दृष्टि से ही कई टिप्पणियाँ लिखी गई है। और कई शब्द के भाव को स्पष्ट करने की दृष्टि से। साथ में उपयुक्त शब्दों का अर्थसूचक कोश भी दिया गया है।

जिन जिन ग्रंथों से यह सामग्री ली गई है उन सब का तत् तत् स्थल में नामग्राह उल्लेख किया है और कई जगह यथास्मृति प्रकरण का भी।

सामग्रीप्रापक प्रत्येक ग्रंथ का पूरा परिचय व इतिहास देना अत्यंत आवश्यक है तो भी प्रस्तुत में यह नहीं हो सका, कारण यह निवेदन लिखते समय उन ग्रंथो में से एक भी मेरे सामने नहीं है और जिस स्थल में बैठ कर निवेदन लिखा जा रहा है, वह स्थल भी ऐसे ऐसे कार्यों के लिए पुस्तकमरु जैसा है। फिर भी हमारे संग्रह को सामग्री देनेवाले उन सब ग्रंथों के मूल कर्ता, संपादक व प्रकाशक इन सबों का मे कृतज्ञ हूं। खेद है कि असान्निध्य के ही कारण ग्रंथों के प्रकाशनस्थलों का भी निर्देश नहीं कर सका।

मेरी मातृभाषा तो गुजराती है तो भी राष्ट्रीय हित व विद्यापीठ का व्यापक लक्ष्य को ध्यान में रख कर संग्रह को हिंदीकाय करने का प्रयत्न किया है। यो तो हिंदी का अधिक परिचय कई वर्षों से है परंतु लिखने का अभ्यास कुछ कम है इस लिए संग्रह की हिंदी गूजरातीहिंदी हुई थी। मेरी इच्छा थी कि किसी तराह से भाषा का परिष्कार कराऊं, इतने में मुझ को जैनमुनिओं को पढाने के लिए दिल्ली जाना पड़ा और जब मैं वहा रहा तब इस पुस्तक का मुद्रण शरू हुआ। वहा मेरे भद्रावशाली विनयी विद्यार्थी कवि मुनि अमरचंदजी द्वारा मेरी गुजरातीहिंदी का संस्कार कराया गया। संस्कारक मुनि हिंदी के ज्ञाता, लेखक व कवि भी हैं। भाषा के संस्करण में उनकी असाधारण सहायता ली है इस कारण उनके स्नेहस्मरण को मैं नहीं भूल सकता।

संग्रह का अंतिम प्रुफ ही मैं देख सका हूं और प्रथम के प्रुफ भाई गोपालदास जीवाभाई पटेल ने देखे हैं एतदर्थ हमारे भाई गोपालदास धन्यवादार्ह हैं ।

प्राकृत कथायें पढ़ने के पहिले प्राकृत भाषा व व्याकरण का कुछ परिचय हो इस उद्देश से प्रारंभ में ही ‘ प्राकृत भाषा का साधारण परिचय ’ प्रकरण रक्खा गया है। उसमें प्रथम प्राकृत भाषा के स्वरूप का परिचय कराया है; जो लोक प्राकृत को संस्कृतयोनिक व संस्कृत को प्राकृतयोनिक बतलाते हैं उनके भ्रम को हटाने के लिए थोडीसी युक्तियां बतलाई है; जैन आर्षप्राकृत व बौद्धप्राकृत — पाली — का पारस्परिक संबंध स्पष्ट किया गया है; तद्भव तत्सम देश्य ये प्राकृत के तीन भेद के कारण को बताया गया है; आचार्य हेमचन्द्र ने प्राकृत की व्युत्पत्ति करते हुए “ प्रकृतिः संस्कृतम् ” इत्यादि जो उल्लेख किया है उनका भी खुलासा कर दिया गया है; पीछे स्वरव्यंजन के उच्चारणभेद, संधि तथा नाम व धातु के प्रचलित रूपाख्यान लिखे गये हैं ।

संग्रह में कोई त्रुटि हो तो आशा है कि अभ्यासी सूचित करेंगे ओर सह लेने की धीरता बतायेंगे ।

विनीत व उसके आगे की कक्षा द्वारा प्राकृत में प्रवेश करने के लिए यह पुस्तक सहायक होगी तो उत्तरोत्तर क्रम-विकासगामी ऐसे और दो तीन संग्रह योजने का मनोरथ सफल हो सकेगा ।

अमरेली, (काठियावाड)
महा वद १३, ’९१

बेचरदास दोशी

अनुक्रमणिका

प्राकृत भाषाका साधारण परिचय

प्राकृत भाषाका बोध करानेवाला 'प्राकृत' शब्द 'प्रकृति' शब्दसे बना है। 'प्रकृति'का एक अर्थ 'स्वभाव' भी है। अतः जो भाषा स्वाभाविक है, वह 'प्राकृत' शब्दसे बोधित होती है। अर्थात् मनुष्यको जन्मसे मिली हुई बोलचालकी स्वाभाविक भाषा, प्राकृत भाषा कही जाती है[1]

जो प्राकृत अधिक प्राचीन है उसको आर्ष प्राकृत कहते है। जैन आगमोंमें प्राचीन प्राकृतके भी प्रयोग देखे जाते हैं। आचार्य हेमचंद्रने भी प्राकृत और आर्ष प्राकृत ऐसे दो विभाग अपने प्राकृतव्याकरणमें किये हैं। और उसमें

---

१. "सकलजगज्जन्तूना व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कार· सहजो वचनव्यापार प्रकृतिः। तत्र भवम् सैव वा प्राकृतम्"।

—काव्यालंकार–नमिसाधु टीका २–१२।

यही टीकाकार "प्राक्–पूर्व–कृतम् प्राकृतम्"–एसी व्युत्पत्ति बताता है यह कहां तक संगत है?

आर्ष प्राकृतकी उपपत्तिके लिये सारे व्याकरणमें आर्ष सूत्रका (८-१-३) अधिकार बताया है। स्थान स्थान पर उसके उदाहरण भी जैन आगमोंमेंसे दिये गये हैं। किंतु आर्ष प्राकृतके सर्व प्रयोगोंकी उपपत्तिके लिये उसमें प्रयत्न नहीं किया गया।

आर्ष प्राकृत और बौद्ध मूल त्रिपिटककी पाली भाषामें अधिक साम्य देखा जाता है। पाली शब्दका अर्थ अभी विवादास्पद है परंतु हमारी कल्पनामें पाली शब्दकी उपपत्ति प्राकृत शब्दसे मालूम होती है। प्रकृति के स्थानमे जैन ग्रंथोमें कई जगह 'पयड़ी'[२] शब्द आता है। 'पयड़ी' शब्दसे तद्धितान्त 'पायड़ी' शब्द हो कर उससे 'पाली' शब्द बननेमे व्युत्पत्तिशास्त्रकी कोई असंगति मालूम नहीं होती। कहनेका तात्पर्य यह है कि जिनागमोंकी आर्ष प्राकृत और त्रिपिटकोंकी पाली भाषा, दोनोंमें अधिक साम्य देखा जाता है। थोडेसे उदाहरण देनेमे यह कथन और भी स्पष्ट हो जायगा। आर्ष प्राकृतमें सप्तमीके एकवचन लोगंसि, लोगम्मि, लोगे, ऐसे तीन आते हैं। पालीमें भी बुद्धस्मि, बुद्धम्हि, बुद्धे, ऐसे आते है। आर्ष प्राकृतका सप्तमीका एकवचन 'लोगंसि' मे जुड़ा हुआ सप्तमीदर्शक प्रत्यय पालीका 'बुद्धस्मि' रूपमें जुड़ा हुआ 'स्मि' प्रत्ययके साथ अधिक साम्य रखता है। ऐसे ही 'लोगम्मि' का साम्य 'बुद्धम्हि' के साथ अधिक है। असलमें 'स्मि' प्रत्ययके

---

२. भगवतीसूत्र शतक १, उद्देशक ४—
" कइ पयडी, कह बंधइ, कइहिं च ठाणेहिं बधइ पयडी।
कइ वेदेइ य पयडी, अणुभागो कइविहो कस्स ? " ॥

भिन्न प्रकारके उच्चार अनुस्वारादि 'सि' (लोगंसि), 'म्हि' और 'म्मि' है । संस्कृत वैयाकरणोंने इस प्रत्ययके समान 'स्मिन्' (सर्वस्मिन्) और 'इ' (देवे) प्रत्यय बताये हैं । आर्ष प्राकृत, पाली और संस्कृतके सप्तमीके एकवचनके प्रत्ययसे मालूम होता है कि 'स्मिन्' प्रत्ययके व्यवहारके लिये संस्कृतमें बहुत परिमित क्षेत्र है । तब प्राकृत एवं पालीमें वह सार्वत्रिक जैसा मालूम होता है। आर्ष प्राकृतमें 'कायसा,' 'जोगसा,' 'बलसा,' इत्यादि 'सा' प्रत्ययवाले रूप तृतीया विभक्तिके एकवचनमें आते हैं । वैसे ही पाली भाषामें 'बलसा', 'जलसा,' 'मुखसा' ऐसे 'सा' प्रत्ययवाले अनेक रूप आते हैं । आर्ष प्राकृतमें भूतकालके बहुवचनमें 'पुच्छिंसु,', 'गच्छिंसु' इत्यादि 'इंसु' प्रत्ययवाले रूप आते हैं । पालीमें भी 'अभविंसु', 'अपचिंसु,' 'अगच्छिंसु', ऐसे 'इंसु' प्रत्ययवाले रूपोंका प्रचार पाया जाता है । किसी सेट् धातुके भूतकालके तृतीय पुरुष बहु-वचनमें 'इषुः' ऐसा सेट् प्रत्यय संस्कृतमें प्रयुक्त होता है जो पूर्वोक्त 'इंसु' की साथ साम्य रखता है। आर्ष प्राकृतके 'करित्तए', 'गच्छित्तए', 'विहरित्तए' के 'तए' प्रत्ययका साम्य पालीके तुमर्थक 'तवे' प्रत्ययकी साथ स्पष्ट मालूम होता है । प्राचीन संस्कृतमें 'तुम्' के अर्थमें 'तवे' और 'तवै' का प्रयोग मिलता है जो पूर्वोक्त पाली 'तवे' के साथ समानता रखता है। इसी प्रकार प्राकृत और पालीके शब्दोंके उच्चारणमें भी अनेक तरहका साम्य है । जैसे:—इसि (ऋषि), उजु (ऋजु), वुड्ढ (वृद्ध), धम्म (धर्म), तित्थ (तीर्थ), सच्च (सत्य), अच्छरिय (आश्चर्य) । इस कारणसे विद्यमान जैन आगमोंकी भाषाका कोई

खास नाम न दे कर, उसे आर्ष प्राकृत व प्राचीन प्राकृत कहना ही विशेष सुसंगत है ।

अधिक विचार किया जाय तो आर्ष प्राकृत, पाली और संस्कृत भाषामें उच्चारणोंकी विभिन्नता ही विभागका कारण है। देश-काल आदिके प्रभावसे जैसे सब पदार्थोंमे हानिवृद्धि हुआ करती है, उसी तरह मनुष्योंके उच्चारणोंमें भी हेरफेर हुआ करता है। प्राकृत और पालीके उच्चारण संस्कृतकी अपेक्षा अधिक सरल हैं। क्योंकि उसमें क्लिष्ट उच्चारवाले व्यंजनोंका प्रयोग नहीं है। इसी सरलताके कारण, ये दोनो भाषा आबालगोपाल तक फैली हुई थी। और इसके विपरीत क्लिष्ट उच्चारके कारण संस्कृत भाषाका क्षेत्र परिमित था।

आचार्य हेमचंद्रने और दूसरे दूसरे प्राकृत भाषाके वैयाकरणोंने प्राकृत शब्दके मूल 'प्रकृति' शब्दका अर्थ 'संस्कृत' किया है। और कहा है कि संस्कृत (प्रकृति) से आया हुआका नाम 'प्राकृत' है [२]। इस उल्लेखका तात्पर्य, प्राकृत भाषाका उत्पत्ति-कारण, संस्कृत भाषा है, ऐसा नहीं है। परंतु प्राकृत भाषा सीखनेके लिये संस्कृत शब्दोंको मूलभूत रख कर, उनके साथ उच्चारभेदके कारण प्राकृत शब्दोंका जो साम्य-वैषम्य है उसको दिखाते हुए प्राकृत भाषाके वैयाकरणोंने अपने अपने व्याकरणोंकी रचना की है। अर्थात् संस्कृत भाषाके वाहन द्वारा प्राकृत सिखलानेका उन लोगोंका यत्न है। इसी लिये और इसी आशयसे उन लोगोंने संस्कृतको प्राकृतकी योनि-उत्पत्तिक्षेत्र-कही है ऐसा मालूम होता है। दर असल संस्कृत और प्राकृत भाषाके

२. " प्रकृतिः संस्कृतम्, तत्र भवम्, तत आगत वा प्राकृतम् "। ८-१-१ ।

बीचमें किसी प्रकारका कार्यकारणभाव है ही नहीं । किंतु जैसे आजकल भी एक ही भाषाके शब्दोंके भिन्न भिन्न उच्चारण मालूम होते हैं—जैसे एक ग्रामीण ग्वाला जिस भाषाका प्रयोग करता है उसी भाषाका प्रयोग संस्कारापन्न नागरिक भी करता है, मात्र उच्चारणमें फरक रहता है, इसी कारणसे उनको कोई भिन्न भिन्न भाषाके बोलनेवाले नहीं कहता है—इसी तरह समाजके प्राकृत लोग प्राकृत उच्चार करते हैं और नागरिक लोग संस्कृत उच्चार करते है इससे ये दोनों भाषा भिन्न हैं ऐसा कहनेका कौन साहस करेगा ? एक ही समयमें प्राकृत और संस्कृतके उच्चारका प्रवाह, इस प्रकार हमेशांसे ही चलता आ रहा है । इसमे कोई एक परवर्ती और दूसरा एक पुरोवर्ती ऐसा विभाग ही नहीं है ।

अस्तु । प्राकृत भाषाके विद्यमान जैन साहित्यमे भी आर्ष प्राकृतके और देश्यप्राकृतके प्रयोगोंको भी ठीक ठीक स्थान है । और ऐसे भी संख्यातीत शब्दोंके प्रयोग हैं जिनका उच्चारण बिलकुल संस्कृतके समान होता है ।

जिस प्राकृत शब्दकी व्युत्पत्ति अर्थात् प्रकृतिप्रत्ययका विभाग नहीं हो सकता है, और जिस शब्दका अर्थ मात्र रूढी पर अवलंबित है, वैसे शब्दोंको देश्य प्राकृत[४] कहते हैं । हेमचंद्रादि वैयाकरणोंने ऐसे शब्दोंको अव्युत्पन्न कोटिमें रक्खे हैं । जैसे कि.— छासी—(छाश), चोरली—(श्रावण मासकी व० दि०[५] चतुर्दशी), चोढ—(बिल्व) इत्यादि । और देश्य शब्दोंमें ऐसे भी अनेक शब्द हैं जो यौगिक और मिश्र होनेके कारण व्युत्पन्न जैसे मालूम होते हैं ।

---

४. देशीनाममाला श्लो, ३.

५. व० बहुल. दि० दिवस.

परंतु उनकी प्रसिद्धि व्याकरण और कोशोंमें नहीं है अर्थात् उनका वाच्यार्थ साहित्यमें प्रचलित नहीं है इसलिये वे भी देश्य शब्दोंमें परिगणित किये गये हैं। जिस प्रकार चंद्रके अर्थमें 'अमृतद्युति,' 'अमृतांशु' इत्यादि शब्द कोशादिकमें प्रसिद्ध हैं, उस प्रकार 'अमृतनिर्गम' शब्द चंद्रके अर्थमे कोशादिकमे प्रसिद्ध नहीं है। परंतु लोकभाषामें उसका चंद्र अर्थ प्रसिद्ध है। इस लिये 'अमयनिग्गम' शब्द व्युत्पन्न होने पर भी देश्य गिना गया है। इसी प्रकार अब्भपिसाय–अभ्रपिशाच (आभका पिशाच–राहु) जहणरोह–जघनरोह (जघनसे ऊगनेवाला–ऊरु) इत्यादि शब्द भी है।

समार, अनल, नीर, ग्राह ऐसे अनेक शब्द प्राकृतमे प्रयुक्त होते हैं जिनका उच्चारण बिलकुल संस्कृतके समान ही है। इस तात्पर्यको ले कर ही आचार्य दंडी[६] और आचार्य हेमचंद्रादिने[७] 'तत्सम' और 'देशी' ऐसे प्राकृतके दो विभाग बनाये है।

उच्चारणभेद ही प्राकृत, संस्कृत और तन्मूलक भाषाओंके भेदका और विस्तारका कारण है ऐसा आगे कहा गया है। वह उच्चारणभेद क्यों होता है? इसके भी अनेक कारण प्राचीन लोगोंने बताये हैं। जैसे कि[८]:–भाषाके महत्वमें अश्रद्धा, विद्वानोंका अभिमान,

६ "तद्भवस्तत्समो देशीत्यनेकः प्राकृतक्रमः"। काव्या० १–३३।

७. सूत्र ८–१–१.

८. "सर्वेषां कारणवशात् कार्यो भाषाव्यतिक्रमः ॥ ३७ ॥
माहात्म्यस्य परिभ्रंशं मदस्यातिशयं तथा।
प्रच्छादनं च विभ्रान्तिं यथालिखितवाचनम्।
कदाचिदनुवादं च कारणानि प्रचक्षते" ॥ ३८ ॥
षड्भाषाचंद्रिका पा. ५

लिख कर अक्षरोंका छेदना, लिखने और पढनेमें भ्रांति होनी, जैसा लिखा है वैसा ही वांचना, अनुवाद और अनुवादककी अव्यवस्था । इसके उपरांत दूसरी भाषा बोलनेवालोंका संसर्ग, भौगोलिक परिस्थिति, शारीरिक अस्वास्थ्यके कारण उच्चारणके स्थानोंमें विकृति, राज्यक्रांति, शुद्ध उच्चारोंकी उपेक्षा, व्याकरणका अज्ञान इत्यादि अनेक है । इस 'जिनागमकथासंग्रह' में आर्ष और लौकिक दोनों प्राकृतके शब्दप्रयोग हैं । उनमेसे जो शब्द समझनेमें कठिन प्रतीत होते है उनकी टिप्पणी दी जायगी । सामान्य संस्कृत पढा हुआ भी इन कथाओंमें प्रवेश कर सके इस लिये यहां पर प्राकृत भाषाका सामान्य व्याकरण दिया जाता है । जिससे प्रवेशक, प्राकृत और संस्कृतके उच्चारभेद भली-भांति समझ सकेगा ।

प्राकृत भाषाका व्याकरण

प्राकृतमें स्वरोंका प्रयोग

(१) प्राकृतमें ऋ ॠ, ऌ, तथा ऐ, औ का प्रयोग नहीं होता है। सिर्फ अ, इ उ (ह्रस्व) तथा आ, ई, ऊ, ए, ओ (दीर्घ) इतने स्वर प्रयुक्त होते हैं।

(२) कोई भी विजातीय संयुक्त व्यंजनका प्रयोग प्राकृतमें नहीं होता। उदा० 'शुक्र' नहीं पर 'सुक्क' 'पक्व' नहीं पर 'पक्क' इत्यादि।

अपवाद—म्ह, ण्ह, न्ह, ल्ह, व्ह, द्र।

(३) अकेले अस्वर व्यंजनका प्रयोग भी नहीं होता है। उदा० 'यशस्' नहीं पर 'जस' 'तमस्' नहीं पर 'तम'।

(४) तालव्य श् और मूर्धन्य ष् के स्थानमें मात्र दंत्य स् का प्रयोग होता है। उदा० 'शृगाल' नहीं पर 'सिआल,' 'कषाय' नहीं पर 'कसाय'।

(५) संयुक्त व्यंजनसे पहेलेके दीर्घस्वरके स्थानमें प्राकृतमें ह्रस्व स्वरका प्रयोग होता है। उदा० आम्र–अंब ताम्र–तंब।

(६) संयुक्त व्यंजनसे पहेलेके 'इ' और 'उ' के स्थानमें अनुक्रमे 'ए' और 'ओ' का प्रयोग प्राय: होता है। उदा० बिल्व-बेल्ल, पुष्कर-पोक्खर ।

(७) [अ] व्यंजनसे मिले हुए 'ऋ' के स्थानमें प्राकृतमें 'अ' का प्रयोग होता है, और कितनेही शब्दोंमें 'इकार' और 'उकार' का भी प्रयोग होता है । उदा० घृतं-घयं, शृगाल-सिआल, वृद्ध-वुड्ढ ।

[आ] केवल अर्थात् व्यंजनसे नही जुडे हुए 'ऋ' के स्थानमे 'रि' का प्रयोग होता है । उदा० ऋद्धि-रिद्धि ।

[इ] समासवाले शब्दोंमें प्रारंभिक शब्दके 'ऋ' को अवश्य 'उ' हो जाता है। उदा० मातृष्वसा-माउसिआ (मासी) ।

(८) 'क्लृप्त' के स्थानमें ' किलित्त ' का प्रयोग प्राकृतमें होता है । और 'क्लृन्न' के स्थानमे ' किलिन्न 'का होता है ।

(९) 'ऐ' के स्थानमे 'ए' का तथा 'औ' के स्थानमें 'ओ' का प्रयोग होता है । उदा० वैद्य-वेज्ज, यौवन-जोव्वण ।

प्राकृतमें व्यंजनोंका प्रयोग

(१) एक ही शब्दके भीतर रहे हुए असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, ब, य और व का प्रयोग प्राकृतमें नहीं होता है। किंतु उनके लोप होने के बाद उनका स्वर बचा रहता है। यदि वह बचा हुआ स्वर 'अ' और 'आ' से परे हो तो प्राय: उसके स्थानमें अनुक्रमसे 'य' और 'या' का प्रयोग हो जाता है । उदा० नगर-नयर, प्रजा-पया, शचि-सइ ।

(२) ख, घ, थ, ध, फ, भ ये व्यंजन अनुक्रमसे क्+ह्, ग्+ह्, त्+ह्, द्+ह्, प्+ह्, ब्+ह् से बने हुए हैं । लेकिन प्राकृत भाषामें ऊपर अंक २ के नियमानुसार विजातीय संयुक्त

व्यंजनोंका प्रयोग निषिद्ध है। अतः शब्दके आदिमें नहीं आये हुए और असंयुक्त ऐसे उपर्युक्त सभी अक्षरोंके आदि अक्षरका प्राकृतमें प्रयोग नहीं होता है अर्थात् उन सबके स्थानमें केवल 'ह' का प्रयोग होता है। उदा० मुख–मुह, मेघ–मेह, नाथ–नाह, बधिर–बहिर, सफल–सहल, शोभा–सोहा।

(३) स्वरसे परे आये हुए असंयुक्त ट, ठ, ड, न, प, फ, और ब के स्थानमें अनुक्रमसे ड, ढ, ल, ण, व, भ और व का प्रयोग होता है। उदा०–घट–घड, पीठ–पीढ, गुड–गुल, गमन–गमण, कूप–कूव, रेफ–रेभ, अलाबु–अलावु।

(४) शब्दके आदिके 'न'के स्थानमें 'ण'का प्रयोग विकल्पसे होता है। उदा० नगर–नयर, णयर।

(५) शब्दके आदिमे आये हुऐ 'य' के स्थानमें 'ज' का प्रयोग होता है। उदा० यम–जम।

(६) अनुस्वारसे परे आये हुऐ 'ह' के स्थानमें 'घ' का प्रयोग होता है। उदा० सिंह–सिंघ।

(७) [अ] प्राकृतमें क्ष, ष्क और स्क के स्थानमे ख का;[९] त्यके स्थानमे च का;[१०] द्य, र्य और य्य के स्थानमे ज का; ध्य और ह्यके स्थानमे झ का; र्त के स्थानमें ट का,[११] स्त के स्थानमें थ का;[१२]

---

९ कितनेही शब्दोंमे क्ष का छ भी होता है। उदा० क्षण–खण (समय), छण (उत्सव), क्षमा–खमा, छमा (पृथिवी)। कितनेही शब्दोंमें क्ष का झ भी होता है। उदा० क्षीण–झीण; क्षर्–झर्।

१० अपवाद –चैत्य–चेइय।

११. अपवाद –मुहूर्त–मुहुत्त, कीर्ति–कित्ति, धूर्त–धुत्त इत्यादि।

१२. अपवादः–समस्त–समत्त, स्तंब–तंब।

ष्प और स्प के स्थानमें फ का; म्न और ज्ञ के स्थानमें ण का; न्म के स्थानमें म का, ष्म और क्म के स्थानमें प का और ष्ट के स्थानमें ठ का[१३] प्रयोग होता है। उदा० क्षय—खय, स्कन्ध—खंध, त्याग—चाअ; द्युति—जुइ, ध्यान—झाण, स्तुति—थुइ, ज्ञान—णाण।

[आ] उक्त क्ष, ष्क, स्क आदि अक्षर यदि शब्दके बीचमें हों और दीर्घ स्वर तथा अनुस्वारसे पर न हों तो उनकी द्विरुक्ति होती है। और बादमें निम्नांकित आठवें नियमके अनुसार उसमें परिवर्तन होता है। उदा० मक्षिका—मक्खिआ, पुष्कर—पोक्खर, सत्य—सच्च, मद्य—मज्ज, मर्यादा—मज्जाया, जय्य—जज्ज, उपाध्याय—उवज्झाय, गुह्य—गुज्झ; वर्ती—वट्टी, विस्तार—वित्थार, पुष्प—पुप्फ, बृहस्पति—बिहप्फइ, निम्न—निण्ण, विज्ञान—विण्णाण, मन्मथ—वम्मह; कुड्मल—कुंपल, रुक्मिणी—रुप्पिणी, काष्ट—कट्ठ।

(८) द्विरुक्तिको पाये हुए ख्ख, छ्छ, ठ्ठ, थ्थ, फ्फ, घ्घ, झ्झ, ढ्ढ, ध्ध, भ्भ के स्थानमे अनुक्रमसे क्ख, च्छ, ट्ठ, त्थ, प्फ, ग्घ, ज्झ, ड्ढ, द्ध, ब्भ होते हैं।

(९) ग्म के स्थानमे म्म का और ह्व के स्थानमें ब्भ का प्रयोग विकल्पसे होता है। उदा० युग्म—जुम्म, जुग्ग, विह्वल—विब्भल, विहल।

(१०) ह्रस्व स्वरसे परे आये हुए थ्य, प्स, श्च, और त्स के स्थानमें च्छ का प्रयोग होता है। उदा० पथ्य—पच्छ, अप्सरा—अच्छरा, पश्चात्—पच्छा, उत्साह—उच्छाह।

(११) श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण, क्ष्ण इन सबके स्थानमें ण्ह

---

१३. अपवाद:—उष्ट्र—उट्ट, इष्टा—इट्टा, संदिष्ट—संदिट्ट।

का प्रयोग होता है । उदा० प्रश्न–पण्ह, पृष्णि–पण्ही (पानी), स्नात–ण्हाअ, वह्नि–वण्ही, पूर्वाह्ण–पुव्वण्ह, तीक्ष्ण–तिण्ह (तीणुं)।

(१२) श्म, ष्म, स्म, ह्म इनके स्थानमें म्ह का प्रयोग होता है और ह्ल के स्थानमें ल्ह का प्रयोग होता है। उदा० कुश्मान–कुम्हाण, ग्रीष्म–गिम्ह, विस्मय–विम्हय, ब्रह्म–बम्हा, आह्लाद–आल्हाय ।

(१३) र्य के बीचमे और र्ह के बीचमे इ का प्रयोग प्राकृतमे होता है अर्थात र्य का 'रिय' और र्ह का 'रिह' हो जाता है । उदा० भार्या–भारिया, गर्हा–गरिहा ।

(१४) सयुक्त ल के पहेले प्राकृतमे इ आजाता है । उदा० क्लेश–किलेस ।

(१५) ह्य का य्ह होता है । उदा० गुह्य–गुय्ह ।

(१६) तन्वी, बह्वी, लघ्वी, गुर्वी इस प्रकारके स्त्रीलिंगी शब्दोमें व के पहेले प्राकृतमे उ आजाता है। उदा० तन्वी–तणुवी, बह्वी–बहुवी इ० ।

(१७) शब्दके अंत्य व्यंजनका प्राकृतमे लोप हो जाता है । उदा० तमस्–तम, तावत्–ताव ।

अपवादः–(१) शरद्–सरओ, भिषक्–भिसओ इत्यादि। आयुष्–आउसो, आउ, धनुष्–धणुह, धणू ।

(२) स्त्रीलिंगी शब्दोंके अंत्य व्यंजनको आ अथवा या हो जाता है ।

उदा० सरित्–सरिआ, सरिया ।

अपवादः–विद्युत्–विज्जु, क्षुध्–छुहा, दिक्–दिसा, प्रावृष्–पाउस, अप्सरस्–अच्छरसा, अच्छरा; ककुभ्–कउहा ।

(१) रकारान्त स्त्रीलिंग शब्दोंके अंत्य 'र्' को रा होता है।

उदा० गिर्–गिरा ।

(१८) संयुक्त व्यंजनमें पहेले आये हुए क्, ग्, ट्, ड्, त् द्, प्, श्, ष्, स्, जिह्वामूलीय (ᳵ) और उपध्मानीयका (ᳶ) प्राकृतमें लोप हो जाता है और बचा हुआ व्यंजन यदि शब्दके आदिमें न हो तो उसकी द्विरुक्ति हो जाती है। और बादमें नियम ८ के अनुसार उसमें परिवर्तन होता है।

उदा० भुक्त–भुत्त, दुग्ध–दुद्ध, षट्पद–छप्पअ, निश्चल–निच्चल, तुष्ट–तुट्ठ, निस्पृह–निप्पह, स्तव–तव ।

(१९) संयुक्त व्यंजनमें पीछे आये हुए म्, न्, और य् का लोप हो जाता है। और शेष बचा हुआ व्यंजन यदि शब्दकी आदिमें न हो तो द्विरुक्तिको पाता है। उदा० युग्म–जुग्ग, । नग्न–नग्ग, श्यामा–सामा ।

(२०) संयुक्त अक्षरमें पहेले या पीछे रहे हुए ल्, ब्, व् और र् का लोप हो जाता है। और शेष बचा हुआ व्यंजन यदि शब्दकी आदिमें न हो तो द्विरुक्तिको पाता है। उदा० उल्का–उक्का, श्लक्ष्ण–सण्ह, शब्द–सद्द, उल्बण–उल्लण, पक्व–पक्क, वर्ग–वग्ग, चक्र–चक्क ।

अपवादः–समुद्र–समुद्द, समुद्र । निद्रा–निद्दा, निद्रा ।

संधि

स्वरसंधि

(१) प्राकृतमें एक पदमें रहे हुए स्वरोंके बीचमें संधि नहीं होती है। उदा० नइ (नदी)। किंतु दो भिन्न पदोंमें रहे हुए स्वरोंकी संधि संस्कृत व्याकरणके नियमोंके अनुसार विकल्पसे होती है। उदा० मगह+अहिवइ = मगह अहिवइ, मगहाहिवइ। जिण+ईसो = जिण ईसो, जिणेसो।

(२) सामासिक शब्दोंमें पूर्व शब्दका अंतिम स्वर प्रयोगानुसार ह्रस्व हो तो दीर्घ होता है और दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है। सत्त+वीसा = सत्तावीसा (सप्तविंशति) गोरी+हरं = गोरिहरं (गौरीगृहं)।

(३) इ, ई, और उ, ऊ के पीछे कोई भी विजातीय स्वर आवे और ए तथा ओ के पीछे कोई भी स्वर आवे तो दो पदके बीचमें भी संधि नहीं होती है।

उदा० नई एत्थ (नदी अत्र), वहू एइ (वधूः एति), वणे अडइ (वने अटति), अहो अच्छरियं (अहो आश्चर्यं)।

(४) स्वरान्त और स्वरादि पद साथ आने पर कभी कभी स्वरान्त पदके अंत्यका स्वर और कभी कभी स्वरादि पदके आदिका स्वर लुप्त हो जाता है। उदा० नीसास + ऊसासा = नीसासूसासा (निःश्वासोच्छ्वासौ)। अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ। एस + इमो = एसमो (एषोऽयम्)। जइ + एत्थ = जइत्थ (यद्यत्र)।

(५) क्रियापदके स्वरकी प्रायः करके संधि नहीं होती है। उदा० होइ+इहं, होइ इह (भवति+इह)।

(६) व्यंजनका लोप होनेके बाद, जो स्वर बचा रहता है उसकी प्रायः संधि नहीं होती है। उदा० निसा+अर=निसाअर (निशाकरः, निशाचरः)।

व्यंजनसंधि

(१) अ के बाद आये हुए विसर्गके स्थानमें उस पूर्व अ के साथ ओ हो जाता है। उदा० अग्रतः–अग्गओ।

(२) पदान्त म् का अनुस्वार हो जाता है। परंतु जब म् के पीछे स्वर आवे तब अनुस्वार विकल्पसे होता है।

उदा० गिरिम्—गिरिं। उसभम् अजियं = उसभं अजियं, उसभमजियं (ऋषभम् – अजितम्)

(३) ङ्, ञ्, ण्, न् के स्थानमें पश्चात व्यंजन होनेसे सर्वत्र अनुस्वार हो जाता है। उदा० पङ्क्ति–पङ्ति–पंति। विन्ध्य विन्झो– विंझो।

(४) अनुस्वारके पश्चात् क वर्ग, च वर्ग, ट वर्ग, त वर्ग और प वर्गके अक्षर होनेसे अनुक्रमसे अनुस्वारको ङ्, ञ्, ण्, न्, म् विकल्पसे होते हैं। उदा० अङ्गण, अंगण।

(५) कितनेक शब्दोंमें प्रयोगानुसार पहले अक्षर पर या दूसरे अक्षर पर या तीसरे अक्षर पर अनुस्वार बढ जाता है।

उदा:—(१) पुंछ (पुच्छ) (२) मणंसी (मनस्वी) (३) अइमुंतय (अतिमुक्तक) ।

(६) जहां स्वरादि पदोंकी द्विरुक्ति हुई हो, वहाँ दो पदोंके बीचमे म् विकल्पसे आ जाता है। एक + एक, एकमेक्क, एक्केक (एकैकम्)

(७) कितनेक शब्दोंमें प्रयोगानुसार अनुस्वारका लोप हो जाता है । वीसा (विंशति), सीह (सिंघ–सिंह)

अव्ययसंधि

(१) पदसे परे आये हुए अपि के अ का लोप विकल्पसे होता है । लोप होनेके बाद अपि का प् यदि स्वरसे परे हो तो उसका व् हो जाता है ।

उदा० कहं + अपि = कहंपि, कहमवि (कथमपि) । केण + अपि = केणवि, केणावि (केनापि) ।

(२) पदसे परे आये हुए इति के इ का लोप होता है । और यदि बचा हुआ 'ति' स्वरसे परे हो तो उसका त्ति हो जाता है । उदा० किं + इति = किंति । तहा + इति = तहत्ति ।

नामके रूपाख्यान

प्राकृतमें द्विवचन नहीं है ।

अकारांत पुंलिंग

वीर

	एकवचन	बहुवचन
१	वीरो, वीरे (वीरः)	वीरा (वीराः)
२	वीरं (वीरम्)	वीरे, वीरा (वीरान्)
३	वीरेण, वीरेण (वीरेण)	वीरेहि, वीरेहिं, वीरेहिँ (वीरेभिः, वीरैः)
४	वीराय, वीरस्स (वीराय)	वीराण, वीराणं (वीराणाम्)
५	वीरा (वीरात्), वीरत्तो (वीरत.), वीराओ, वीराउ, वीराहि, वीराहिंतो	वीरत्तो, वीराओ, वीराउ, वीराहि, वीरेहि, (वीरेभ्यः) वीराहिंतो, वीरेहिंतो, वीरासुंतो, वीरेसुंतो

६	वीरस्स, (वीरस्य)	वीराण, वीराणं (वीराणाम्)
७	वीरंसि, वीरे (वीरे), वीरम्मि	वीरेसु, वीरेसुं (वीरेषु)
संबोधन	वीरो, वीरे वीर, वीरा (हे वीर)	वीरा (वीराः)

——:o:——

अकारान्त नपुंसकलिंग

कुल

१	कुलं (कुलम्)	कुलाणि, कुलाइं, कुलाइँ (कुलानि)
२	,,	,,

३ तृतीयासे सप्तमी तकके रूप वीरकी तरह समझना।

संबोधन कुल (कुल) प्रथमाके अनुसार

नोध—पुंलिंगमे प्रथमाके एकवचन 'वीर' की तरह नपुंसक लिंगमे भी कुले, नयरे, चेइए इत्यादि प्रथमा एकवचन के रूप आर्ष प्राकृतमे पाये जाते है।

——.o:——

इकारान्त पुंलिंग

इसि (ऋषि)

१	इसी (ऋषिः)	इसओ, इसउ, इसिणो, इसी (ऋषयः)

२ इसिं (ऋषिम्) इसिणो, इसी (ऋषीन्)

३ इसिणा (ऋषिणा) इसीहि, इसीहिं, इसीहिँ (ऋषिभिः)

४ इसये, इसिणो, इसिस्स (ऋषये) इसीण, इसीणं (ऋषीणाम्)

५ इसित्तो, इसीओ, इसीउ, इसीहितो, इसिणो (ऋषित.) (ऋषेः) इसित्तो, इसीओ, इसीउ, इसीहितो, इसीसुंतो (ऋषिभ्यः)

६ इसिणो, इसिस्स, (ऋषेः) इसीण, इसीणं (ऋषीणाम्),

७ इसिंसि, इसिम्मि (ऋषौ) इसीसु, इसीसुं (ऋषिषु)

संबोधन इसी, इसि (हे ऋषे) प्रथमाके अनुसार

---:o:---

उकारान्त पुंलिंग

भाणु (भानु)

१ भाणू (भानुः) भाणवो, भाणओ, भाणउ, भाणू, भाणुणो (भानवः)

२ भाणुं (भानुम्) भाणुणो, भाणू (भानून्)

इसके आगेके रूपाख्यान इकारांत ' इसी ' शब्दके समान समझना।

---:o:---

इकारांत नपुंसकलिंग

दहि (दधि)

१ दहिं (दधि) दहीणि, दहीइं दहीइं (दधीनि)

२ ,, ,,

३ तृतीयासे सप्तमी तकके रूपाख्यान उपर्युक्त इकारांत इसि शब्दके अनुसार समझना।

संबोधन दहि (दधि) प्रथमाके अनुसार

—:०:—

उकारांत नपुंसकलिंग

महु (मधु)

१ महुं (मधु) महूणि, महूइं, महूइं (मधूनि)

२ ,, ,,

३ तृतीयासे सप्तमी तकके सब रूप भाणु शब्दके अनुसार समझना।

संबोधन मधु (मधु) प्रथमाके अनुसार

—:०:—

ऋकारान्त पुंलिंग

पिउ (पितृ)

१ पिया (पिता) पियवो, पियओ, पियउ, पिऊ, पिऊणो (पितर:)

२ पियरं (पितरम्) पिउणो, पिऊ (पितॄन्)

३ तृतीयासे सप्तमी तक, भाणु के अनुसार समझना।

संबोधन हे पिअ, हे पिअरं (हे पित:) प्रथमाके अनुसार

नोंधः—पितृ प्रभृति शब्द विशेष्यवाचक हैं और दातृ प्रभृति शब्द विशेषणवाचक हैं। विशेष्यवाचक शब्दके अंत्य ऋ के स्थानमें उ और अर का प्रयोग होता है। जैसेः—पितृ—पिउ, और पिअर; जामातृ—जामाउ, जामायर। और विशेषणवाचक शब्दके स्थानमें उ और आरका प्रयोग होता है। जैसेः—दातृ—दाउ—दायार, कर्तृ—कत्तु—कत्तार। ये दूसरे अकारान्त अंगके रूपाख्यान वीर के समान समझना। और उकारान्त अंगके रूपाख्यान भाणु के समान समझना।

——:०:——

व्यञ्जनांत नाम

(१) जो नाम मत् वत् और अत् को अंतमें लिये हुए हैं उनके अंतके अत् के स्थानमे प्राकृतमे अन्त का प्रयोग होता है और बादमे उनके रूप अकारान्त वीर की तरह चलते हैं। उदा० भगवत्—भगवन्त; भवत्—भवन्त; धीमत्—धीमन्त।

(२) जिन नामोंके अंतमे अन् है उन नामोंके अंतके अन्का प्राकृतमें आण विकल्पसे हो जाता है और बादमे उसके रूपाख्यान अकारान्त वीर की तरह होते हैं। उदा० राजन्—रायाण, राय; आत्मन्—अप्पाण, अप्प, पूषन्—पूसाण, पूस।

अन् अंतवाले शब्दोंके और भी अनियमित रूप होते हैं जो यहां दिये जाते हैं।

पूषन्

१	पूसा (पूषा)	पूसाणो (पूषण.)
२	पूसिणं (पूषणम्)	पूसाणो (पूष्णः)
३	पूसणा (पूष्णा)	

४–६	पूसाणो (पूष्णे)	पूसिण, पूसिणं (पूषभ्यः, पूष्णाम्)
५	पूसाणो (पूष्णः)	

—:०:—

राजन् शब्दके रूप और भी अधिक अनियमित हैं

राजन् ।

१	राया (राजा)	रायाणो, राइणो (राजानः)
२	राइणं (राजानम्)	रायाणो, राइणो (राज्ञः)
३	राइणा, रण्णा (राज्ञा)	राईहि, राईहिं, राईहिँ (राजभिः)
४	रण्णो. राइणो, रण्णे (राज्ञे)	राईण, राईणं, (राजभ्यः, राज्ञाम्)
५	रण्णो, राइणो (राज्ञः)	राइत्तो, राईओ, राईउ, राईहि, राईहितो, राईसुंतो (राजभ्य)
६	,, ,,	राईण, राईणं (राज्ञाम्)
७	राइंसि, राइम्मि (राजनि)	राईसु. राईसुं (राजसु)

संबोधन प्रथमानुसार ।

—:०:—

आत्मन् शब्द के तृतीया एकवचनमें अप्पणिआ, अप्पणइआ इतने रूप अधिक हैं । और सब पूषन् की तरह होते है ।

—:०:—

आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

गंगा

१	गंगा (गङ्गा)	गंगाउ, गंगाओ, गंगा (गङ्गाः)
२	गंगं (गङ्गाम्)	,, ,,

३	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए (गङ्गया)	गङ्गाहि, गङ्गाहिं, गङ्गाहिँ (गङ्गाभिः)
४	,, (गङ्गायै)	गंगाण, गंगाणं (गङ्गाभ्यः)
५	,, गंगत्तो, गंगाओ, गंगाउ, गंगाहिंतो (गङ्गायाः)	गंगत्तो, गंगाओ, गंगाउ, गंगाहिंतो, गंगासुंतो (गङ्गाभ्यः)
६	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए (गङ्गायाः)	गंगाण, गंगाणं (गङ्गानाम्)
७	,, (गङ्गायाम्)	गंगासु, गंगासुं (गङ्गासु)
संबोधन	गंगे, गंगा (गङ्गे)	प्रथमाके अनुसार

नोंध —१७ वे नियमके अनुसार जो शब्द आकारान्त होते हैं उनके संबोधनका एकवचन एकारान्त नहीं होता है ।

——:०:——

इकारान्त स्त्रीलिंग

गइ (गति)

१	गई (गति)	गइउ, गइओ, गई (गतयः)
२	गइं (गतिम्)	,, (गतीः)
३	गइअ, गईआ, गईइ, गईए (गत्या)	गईहि, गईहिं, गईहिँ (गतिभिः)
४	,, (गतये, गत्यै)	गईण, गईणं (गतिभ्यः)
५	,, गइत्तो, गईओ, गईउ, गईहिंतो (गतेः)	गइत्तो, गईओ, गईउ, गईहिंतो, गईसुंतो (गतिभ्यः)
६	चतुर्थीके अनुसार (गतेः, गत्याः)	चतुर्थीके समान (गतीनाम्)

७ ,, (गतौ, गत्याम्) गईसु, गईसुं (गतिषु)
संबोधन गइ, गई (हे गते) प्रथमाके अनुसार

दीर्घ ईकारान्त, ह्रस्व उकारान्त और दीर्घ ऊकारान्त के रूपाख्यान गति के सदृश समझने।

ऋकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

मातृ शब्दके स्थानमें माआ और मायरा ऐसे दो प्रयोग प्राकृतमें होते हैं। उनके सब रूप गंगा की तरह समझना। सिर्फ संबोधन प्रथमाकी तरह ही होना है।

सर्वनाम

अकारान्त पुंलिग सर्वनामके रूप वीर की तरह होते हैं। आकारान्त सर्वनाम गंगा की तरह होते हैं और अकारान्त नपुंसक कुल की तरह होते हैं। लेकिन जो कुछ मुख्य विशेषता है वह नीचे दी जाती है।

सव्व (सर्व)

१ .. सव्वे (सर्वे)
४–६ . सव्वेसिं (सर्वेषाम्)
५ सव्वम्हा
७ सव्वत्थ, (सर्वत्र) सव्वस्सि,
सव्वहिं, सव्वम्मि
(सर्वस्मिन्)

युष्मद्

१ तं, तुं, तुमं (त्वं) भे, तुब्भे, तुज्झ, तुम्ह (यूयम्)
२ ,, (त्वाम्) भे, तुब्भे, तुज्झ, वो
(युष्मान्, वः)

३	भे, तइ, तए, तुमइ, तुमे (त्वया)	भे, तुब्भेहि (युष्माभिः)
४–६	तइ, तुम्हं, तुइ, तुहं, ते, तुमे (तुभ्यम्, तव, ते)	भे, तुब्भ, तुहाण, तुहाणं, तुमाण, तुमाणं, वो (युष्मभ्यम्, युष्माकम्, वः)
५	तुब्भ, तुब्भा, तहिंतो, तुवा, तुमा, तुब्भाउ (त्वत्)	तुब्भत्तो, तुब्भाओ, तुब्भाउ, तुब्भेहि, तुब्भेहिंतो (युष्मत्)
७	तइ, तए, तुमए, तुमे, तुम्मि, तुमम्मि, तुहम्मि (त्वयि)	तुमेसु, तुब्भेसु, तुमसु (युष्मासु)

—:o:—

अस्मद्

१	म्मि, हं, अहं (अहम्)	अम्हे, अम्ह, मो, वयं (वयम्)
२	णं, मं, ममं (माम्)	अम्हे, अम्ह, णे, (अस्मान्, नः)
३	मइ, मए, ममाइ, मे (मया)	अम्ह, अम्हं, अम्हेहि, अम्हाहि (युष्माभिः)
४–६	मज्झ, मज्झ, मम, मइ, अम्हं (मह्यम्, मे, मम)	अम्हाण, मज्झाण, अम्हे, मज्झ, अम्हो, णे, णो (अस्मभ्यम्, अस्माकम्, नः)
५	ममाओ, मज्झत्तो, मज्झा, मज्झाहि, मइत्तो (मत्)	अम्हत्तो, अम्हाहि, अम्हेसुंतो, ममेहि (अस्मत्)
७	ममाइ, मइ, मए (मयि)	अम्हेसु, अम्हसु, मज्झेसु, मज्झसु (अस्मासु)

—:o:—

संख्यावाचक शब्द

दु (द्वि) तीनो लिंगोमे बहुवचनके रूप

१ दुवे, दोण्णि, दुण्णि, वेण्णि, विण्णि, दो, वे

२ ,, ,,

३ दोहि, दोहिं, दोहि, वेहि, वेहिं, वेहि

४--५ दोण्ह, दोण्हं, दुण्ह, दुण्हं, वेण्ह, वेण्हं, विण्ह, विण्हं

६ दुत्तो, दोओ, दोउ, दोहितो, दोसुंतो, वित्तो, वेओ, वेउ, वेहितो, वेसुतो ।

७ दोसु, दोसुं, वेसु, वेसुं ।

ति (त्रि) तीनो लिंगके रूप

१-२ तिण्णि

४-६ तिण्ह, तिण्हं   बाकीके 'इसि' के बहुवचन अनुसार ।

चउ (चतुर्) तीनों लिंगमें

१-२ चत्तारो, चउरो, चत्तारि

३ चउहि, चउहिं चउहिँ

चऊहि, चऊहिं, चऊहिँ

४-५ चउण्ह, चउण्हं

शेष रूप भाणु के बहुवचनके अनुसार ।

पंच (पञ्च) तीनों लिंगमे

१-२ पञ्च

३ पंचेहि, पंचेहिं पञ्चेहिँ,

पंचाहि, पंचाहिं, पंचाहिँ ।

४–६ पंचण्ह, पंचण्हं

शेष रूप वीर के बहुवचनके अनुसार।

——:०——

क्रियापद

सूचना.—प्राकृतमे गणोंका भेद, आत्मनेपद या परस्मैपदका भेद, सेट् अनिट् का भेद इत्यादि कुछ भी नहीं है। मात्र स्वरांत और व्यंजनांत धातुके रूपमे इतना फरक होता है कि व्यंजनांत धातुके अंतमे अ अवश्य लगता है और स्वरांत धातुको विकल्पसे लगता है। धातुके कुछ मुख्य मुख्य रूप, उदाहरणके तौर पर दिये जाते है।

वर्तमानकाल

हस्

१	हसमि, हसामि, हसेमि, हसेज्ज, हसेज्जा (हसामि)	हसमो, हसामो, हसिमो, हसेमो, हसेज्ज, हसेज्जा (हसामः)
२	हससि, हसेसि, हससे, हसेसे, हसेज्ज, हसेज्जा (हससि)	हसइत्था, हसेइत्था, हसह, हसेह, हसेज्ज, हसेज्जा (हसथ)
३	हसइ, हसेइ, हसए, हसेए, हसेज्ज, हसेज्जा (हसति)	हसंति, हसेंति, हसंते, हसेंते, हसइरे, हसेइरे, हसेज्ज, हसेज्जा (हसन्ति)

नोंध:—प्रथम पुरुष बहुवचनमें मो, मु, म ऐसे तीन प्रत्यय धातुसे लगते हैं। उनमेंसे मात्र मो का रूप ऊपर दिया गया है। मु और म का भी उसके समान समझना। जैसे:—हसमु, हसामु | हसम, हसाम है।

स्वरांत धातु । वर्तमानकाल

(हु) हो (भू)

नोंध—इस प्रकरणके आदिमें लिखी हुई सूचनाके अनुसार जब स्वरांत धातुको 'अ' लगता है तब इसके सब रूप हस् की तरह होते है । जैसे होअमि, होअसि, होअइ इ०

जब 'अ' नहीं लगता है उस अवस्थाके रूप नीचे दिये जाते है ।

१	होमि	होमो, होमु, होम
२	होसि	होइत्था, होह
३	होइ	होंति होंते, होइरे

भूतकाल

हस्

१–२–३ एकवचन और बहुवचन	(हस् + ईअ =) हसीअ

(हु) हो

१–२–३ एकवचन और बहुवचन	हो + सी = होसी, होअसी हो + ही = होही, होअही हो + हीअ = होहीअ, होअहीअ

भविष्यकाल

हस्

१ हसिस्सं, हसेस्सं, हसिस्सामि, हसेस्सामि, हसिहामि, हसेहामि, हसिहिमि, हसेहिमि, हसिस्सामो, हसेस्सामो, हसिहामो, हसेहामो, हसिहिमो, हसेहिमो, हसेज्ज, हसेज्जा

हसेज्ज, हसेज्जा	इसके अलावा हसि अंगको स्सामु, हामु, हिमु, स्साम, हाम, हिम, हिस्सा, हित्था इतने प्रत्यय लगा कर पूर्व-वत् रूप कर लेना। जैसे—हसिस्सामु, हसेस्सामु। हसिहामु, हसेहामु। इ०
२ हसिहिसि, हसेहिसि, हसिहिसे, हसेहिसे, हसेज्ज, हसेज्जा	हसिहित्था, हसेहित्था, हसिहिह, हसेहिह, हसेज्ज, हसेज्जा
३ हसिहिइ, हसेहिइ, हसिहिए, हसेहिए, हसेज्ज, हसेज्जा	हसिहिंति, हसेहिंति, हसिहिंते, हसेहिंते, हसिहिइरे, हसेहिइरे, हसेज्ज, हसेज्जा

(हू) हो

ऊपर लिखे अनुसार उक्त धातुके हो और होअ दो अंग होंगे। इन दोनोंको हस् की तरह प्रत्यय लगा लेना। उदा० हो—होस्सं, होस्सामि होहामि, होहिमि इ०। होअ—होअ + इस्सं = होएस्सं (स्वरोंका प्रयोग नियम ६) होइस्सं (देखो स्वरसंधि नियम ४)

होएस्सामि	होएहामि	होएहिमि
होइस्सामि	होइहामि	होइहिमि

आज्ञार्थ और विध्यर्थ

हस्

१ हसमु, हसामु, हसिमु, हसेमु	हसमो, हसामो, हसिमो, हसेमो

२ हसमु, हसेसु, हसेज्जसु, हसह, हसेह
हसेज्जहि, हसेज्जे, हस

३ हसउ, हसेउ हसंतु, हसेतु

(हू) हो

होअ से, हस अंगकी तरह प्रत्यय लगा लेना। जैसेः–
होअमु, होआमु, होइमु, होएमु इ०

मात्र हो के रूप

१	होमु	होमो
२	होसु, होहि	होह
३	होउ	होंतु

क्रियातिपत्त्यर्थ

हस

१–२–३	हसतो
एकवचन	हसमाणो
बहुवचन	हसेज्ज, हसेज्जा

(हू) हो

१–२–३	होनो
एकवचन	होमाणो
बहुवचन	होज्ज, होज्जा

——:०.——

कृदन्त

वर्तमानकृदंत

पुं० हसंत, हसमाण, हसेंत, हसेमाण
(पुंलिंग वीर की तरह और नपुंसक कुल की तरह)

स्त्री॰ हसेंती, हसेंता, हसई, हसेई, हसमाणी, हसमाणा, हसेमाणी, हसेमाणा (इनमेंसे आकारांत गंगा की तरह और ईकारान्त गति की तरह)

(हू) हो

पुं॰ होंत, होमाण, होएंत, होअंत, होएमाण, होअमाण (पुंलिंग वीर की तरह और नपुंसक कुल की तरह)

स्त्री॰ होंती, होंता, होएंती, होएंता, होअंती, होअंता, होमाणी, होमाणा, होअमाणी, होअमाणा, होएमाणी, होएमाणा, होअई, होएई, होई

(आकारांत गंगा की तरह और ईकारान्त गति की तरह)

भूतकृदंत

भूतकृदंतमे धातुको अ और त प्रत्यय लगते है। और उसके पहेले यदि अकार आवे तो उसको इ हो जाती है। उदा॰ हस् + अ = हस–हसिअ, हसित। हू + अ = हूअ–हूइअ, हूइत; हू–हूअ, हूत।

हेत्वर्थकृदंत

धातुके अंगको तुं प्रत्यय लगनेसे हेत्वर्थकृदंत होता है और तुं के पहेले के अ को इ और ए हो जाता है। उदा॰ हसितुं, हसेतुं और हसिउं, हसेउं। (व्यंजनोंका प्रयोग नियम १)

संबंधकभूतकृदंत

धातुके अंगको तुं, अ, तूण, तूणं, तुआण, तुआणं प्रत्यय लगानेसे संबंधकभूतकृदंत होता है। और उस प्रत्ययके प्रथम अ का प्रायः इ और ए हो जाता है। हसितुं, हसेतुं

हसिअ, हसिमूण, हसेमूण, हसितूणं, हसेतूणं, हसितुआण, हसितुआणं, हसेतुआण, हसेतुआणं । और व्यंजनप्रयोग संबंधी नियम १ के अनुसार त् का लोप करके भी रूप समझना। जैसे हसिऊण, हसेऊण इ०

कर्तासूचक कृदंत

धातुके अंगको इर प्रत्यय लगानेसे उसका कर्तृसूचक कृदंत हो जाता है । हस्–इर = हसिर (हसनारा)

नोधः—यहां मात्र प्राकृत भाषामें प्रवेशके लिये वर्णविकार के सामान्य नियम, नाम और धातुके साधारण रूपाख्यान और कृदंतके मोटे मोटे उदाहरण दिये गयें हैं । अधिक जिज्ञासु हमारा विद्यापीठप्रकाशित प्राकृत व्याकरण देख लेवें ।

———·०·———

जिनागमकथासंग्रहः

१

पाए उक्खित्ते

तेते णं तस्स मेहस्स कुमारस्स अम्मापियरो मेह कुमारं पुरओ कट्टु जेणामेव समणे भगवं महावीरे तेणामेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेति, करित्ता वंदंति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वदासी—

"एस णं देवाणुप्पिया! मेहे कुमारे अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे, कंते, जीवियउस्सासए, हिययणंदिजणए, उंबरपुप्फ पिव दुल्लहे सवणयाए, किमंग पुण दरिसणयाए। से जहा नामए उप्पलेति वा पउमेति वा कुमुदेति वा पंके जाए जले संवड्ढिए नोवलिप्पइ पंकरएणं, णोवलिप्पइ जलरएणं, एवामेव मेहे

कुमारे कामेसु जाए, भोगेसु संवुड्ढे, नोवलिप्पति कामरएणं, नोवलिप्पति भोगरएणं ।—

" एस णं देवाणुप्पिया ! संसारभउव्विग्गे, भीए जम्मणजरमरणाणं, इच्छइ देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वतित्तए । अम्हे णं देवाणुप्पियाणं सिस्सभिक्खं दलयामो, पडिच्छंतु णं देवाणुप्पिया सिस्स-भिक्खं । "

तते ण से समणे भगवं महावीरे मेहस्स कुमारस्स अम्मापिऊएहिं एवं वुत्ते समाणे एयमट्ठं सम्म पडिसुणेति ।

तते णं से मेहे कुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ उत्तरपुरत्थिम दिसिभाग अवक्कमति, अवक्कमित्ता सयमेव आभरणमल्लालंकार ओमुयति ।

तते णं से मेहकुमारस्स माया हंसलक्खणेणं पडसाडएणं आभरणमल्लालंकारं पडिच्छति, पडिच्छित्ता हार–वारिधार–सिंदुवार–छिन्नमुत्तावलिपगासाति असूणि विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी, रोयमाणी रोयमाणी, कंदमाणी कंदमाणी, विलवमाणी विलवमाणी एव वदासी—

" जतियव्वं जाया । घडियव्वं जाया । परक्कमियव्वं जाया । अस्सिं च णं अट्ठे नो पमादेयव्वं । अम्हंपि णं एमेव मग्गे

भवउ " त्ति कट्टु मेहस्स कुमारस्स अम्मापियरो समणं भगवं महावीरं वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूता तामेव दिसिं पडिगया।

तते णं से मेहे कुमारे सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेति, करित्ता जेणामेव समणे भगवं महावीरे तेणामेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेति, करित्ता वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वदासी—

" आलित्ते णं भंते[१३] ! लोए, पलित्ते णं भंते लोए, आलित्तपलित्ते णं भंते लोए जराए मरणेण य। से जहाणामए केई गाहावती, अगारंसि झियायमाणंसि जे तत्थ भंडे भवति अप्पभारे मोल्लगुरुए तं गहाय आयाए एगंत अवक्कमति—' एस मे णित्थारिए समाणे पच्छा पुरा हियाए, सुहाए, खमाए, णिस्सेसाए, आणुगामियत्ताए भविस्सति ' एयामेव मम वि एगे आयाभंडे इट्ठे, कंते, पिए, मणुन्ने, मणामे, एस मे नित्थारिए समाणे संसारवोच्छेयकरे भविस्सति। तं इच्छामि णं देवाणुप्पियाहिं सयमेव पव्वावियं, सयमेव मुंडावियं, सेहावियं, सिक्खावियं, सयमेव आयार—गोयर—विणय—वेणइय—चरण—करण—जाया—मायावत्तियं धम्ममाइक्खियं "।

तते णं समणे भगवं महावीरे मेहं कुमारं सयमेव पव्वावेति, सयमेव आयार–गोयर–विणय–वेणइय–चरण–करण–जाया–मायावत्तियं धम्ममातिक्खइ—

"एव देवाणुप्पिया ! गतव्वं, चिट्ठितव्वं, णिसीयव्वं, तुयट्टियव्वं, भुंजियव्व, भासियव्व । एवं उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं, भूतेहि, जीवेहि, सत्तेहि संजमेणं संजमितव्व । अस्सि च णं अट्ठे णो पमादेयव्वं । "

तते ण से मेहे कुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए इम एयारूवं धम्मियं उवएसं णिसम्म सम्मं पडिवज्जइ, तमाणाए तह गच्छइ, तह चिट्ठइ, उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं, भूतेहिं, जीवेहिं, सत्तेहि संजमइ ।

जं दिवस च ण मेहे कुमारे मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारिय पव्वइए, तस्स ण दिवसस्स पच्चावरण्हकालसमयंसि समणाण निग्गंथाणं अहारातिणियाए सेज्जासंथारएसु विभज्जमाणेसु, मेहकुमारस्स दारमूले सेज्जासंथारए जाए यावि होत्था ।

तते णं समणा निग्गंथा पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि वायणाए, पुच्छणाए, परियट्टणाए, धम्माणुजोगचिंताए य उच्चारस्स य पासवणस्स य अइगच्छमाणा य निग्गच्छमाणा य अप्पेगतिया मेह कुमारं हत्थेहिं संघट्टति; एवं पाएहिं सीसे, पोट्टे, कायंसि; अप्पेगतिया ओलंडेति; अप्पेगइया पोलंडेति; अप्पेगतिया

पायरयरेणुगुंडियं करेंति । एवं महालियं च णं रयणीं मेहे कुमारे णो संचाएति[20] खणमवि अच्छिं निमीलित्तए।

तते णं तस्स मेहस्स कुमारस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए समुप्पेज्जित्था—

"एवं खलु अहं सेणियस्स रन्नो पुत्ते, धारिणीए देवीए अत्तए मेहे। तं जया ण अहं अगारमज्झे वसामि तया णं मम समणा णिग्गंथा आढायंति, परिजाणंति, सक्कारेंति, संमाणेंति, अट्ठाइं हेऊति पसिणाति कारणाइ वाकरणाइं आतिक्खंति, इट्ठाहि कंताहि वग्गूहि आलवेति, सलवेति। जप्पभिति च णं अहं मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वइए, तप्पभिति च णं मम सम्णा नो आढायति... जाव नो सलवंति। अदुत्तरं च णं मम समणा निग्गंथा राओ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि वायणाए पुच्छणाए... *जाव संथाराओ आयति, महालियं च णं रत्ति नो संचाएमि अच्छि णिमिलावेत्तए। त सेयं खलु मज्झं कल्लं, पाउप्पभायाए रयणीए, तेयसा जलंते सूरिए समणं भगवं महावीरं आपुच्छित्ता पुणरवि आगारमज्झे वसित्तए" त्ति कट्टु एवं संपेहेति, संपेहित्ता अट्टदुहट्टवसट्टमाणसगए णिरयपडिरूवियं च णं तं रयणि खवेति, खवित्ता कल्लं, पाउप्पभायाए सुविमलाए रयणीए, तेयसा जलंते सूरिए जेणेव समणे भगवं महावीरे

---

* पृष्ठ ३८, पंक्ति १७

तेणामेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता तिक्खुत्तो आदाहिणं पदाहिण करेइ, करित्ता वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता पज्जुवासति ।

तते णं " मेहा ! " ति समणे भगवं महावीरे मेहं कुमारं एवं वदासी---

" से णूणं तुमं मेहा ! राओ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि समणेहिं निग्गंथेहि वायणाए पुच्छणाए . *जाव महालियं च णं राइं णो सचाएसि मुहुत्तमवि अच्छिं निमिलावेत्तए, तते णं तुब्भं मेहा ! इमे एयारूवे अज्झत्थिए समुप्पज्जित्था--

" त सेय खलु मम कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए तेयसा जलते सूरिए समण भगवं महावीरं आपुच्छित्ता पुणरवि आगार-मज्झे आवसित्तए त्ति कट्टु अट्टदुहट्टवसट्टमाणसे रयणि खवेसि, खवित्ता जेणामेव अहं तेणामेव हव्वमागए. से णूणं मेहा ! एस अत्थे समट्ठे ? "

" हंता अत्थे समट्ठे । "

" एवं खलु मेहा ! तुमं इओ तच्चे अईए भवग्गहणे वेयड्ढगिरिपायमूले वणयरेहिं णिव्वत्तियणामधेज्जे, सेते, सख-दलउज्जल--विमलनिम्मलदहिघण--गोखीरफेण-रयणियर-प्पयासे,

---

* पृष्ठ ३८, पंक्ति १७

सत्तुस्सेहे, णवायए, दसपरिणाहे, सत्तगपतिट्ठिए सोमे, समिए, सुरूवे, पुरतो उदग्गे, समूसियसिरे, सुहासणे, पिट्ठओ वराहे, अतियाकुच्छी, अच्छिद्दकुच्छी, अलंबकुच्छी, पलंबलंबोदराहरकरे, धणुपट्ठागिइविसिट्ठपुट्ठे, अल्लीणपमाणजुत्तपुच्छे, पडिपुन्नसुचारुकुम्मचलणे, पंडुरसुविसुद्धनिद्धणिरुवहयविसतिणहे, छद्दंते, सुमेरुप्पभे नामं हत्थिराया होत्था ।

" तत्थ णं तुमं मेहा ! बहूहि हत्थीहि य हत्थीणियाहि य लोट्टएहि य लोट्टियाहि य कलभेहि य कलभियाहि य सद्धिं संपरिवुडे, हत्थिसहस्सणायए, देसए, जूहवई, अन्नेसिं च बहूण एकल्लाण हत्थिकलभाण आहेवच्चं करेमाणे विहरसि ।

" तते ण तुम मेहा ! णिच्चप्पमत्ते, सइ पललिए, कंदप्परई, मोहणसीले, अवितण्हे, कामभोगतिसिए बहूहि हत्थीहि य ..जाव संपरिवुडे वेयड्ढगिरिपायमूले गिरीसु य दरीसु य कुहरेसु य कंदरासु य उज्झरेसु य निज्झरेसु य वियरएसु य गड्डासु य पल्ललेसु य चिल्ललेसु य कडयेसु य कडयपल्ललेसु य तडीसु य वियडीसु य टंकेसु य कूडएसु य सिहरेसु य पब्भारेसु य मंचेसु य मालेसु य काणणेसु य वणेसु य वणसंडेसु य वणराईसु य नदीसु य नदीकच्छेसु य जूहेसु य संगमेसु य वावीसु य पोक्खरिणीसु य दीहियासु य गुंजालियासु य सरेसु य सरपंतियासु य सरसरपंतियासु य वणयरएहिं दिन्नवियारे

बहूहिं हत्थीहि य....*जाव सद्धिं संपरिवुडे बहुविहतरु—पल्लव—पउरपाणिय—तणे निब्भए निरुव्विग्गे सुहंसुहेणं विहरासि ।

" तते णं तुमं मेहा ! अन्नया कयाई पाउस—वरिसारत्त—सरय—हेमंत—वसंतेसु कमेण पचसु उऊसु समतिक्कंतेसु, गिम्ह-कालसमयंसि जेट्ठामूलमासे, पायवघंससमुट्ठिएणं, सुक्कतण—पत्त—कयवर-मारुतसजोगदीविएण,महाभयकरेण हुयवहेण वणदवजाला-सपलित्तेसु वणंतेसु, धूमाउलासु दिसासु, महावायवेगेणं संघट्टिएसु छिन्नजालेसु आवयमाणेसु, पोल्लरुक्खेसु अतो अतो झियायमाणेसु, पक्खिसघेसु ससंतेसु, संवट्टिएसु तत्थमिय—पसव—सिरीसिवेसु, अवदालियवयणविवरणिल्लालियग्गजीहे, महंततुवइयपुन्नकन्ने, संकुचियथोरपीवरकरे, ऊसियलग्गूले, पीणाइयविरसरडियसद्देणं फोडयते व अबरतलं, पायदद्दरएण कंपयते व मेइणितलं, विणि-म्मुयमाणे य सीयारं, सव्वतो समता वल्लिवियाणाइं छिदमाणे, रुक्खसहस्साति तत्थ सुबहूणि णोल्लायते, विणट्ठरट्ठेव्व णरवरिंदे, वायाइद्धे व्व पोए, मंडलवाए व्व परिब्भमते अभिक्खण अभि-क्खण लिंडणियरं पमुचमाणे पमुचमाणे, बहूहि हत्थीहि य ..*जाव सद्धिं दिसोदिसिं विप्पलाइत्था ।

" तत्थ णं तुमं मेहा ! जुन्ने, जराजज्जरियदेहे, आउरे, झुंझिए, पिवासिए, दुब्बले, किलते, नट्ठसुइए, मूढदिसाए सयातो

* पृष्ठ ४१, पंक्ति ६

जूहातो विप्पहूणे वणदवजालापरद्धे, उण्हेण य तण्हाए य छुहाए य परब्भाहए समाणे, भीए, तत्थे, तसिए, उव्विग्गे, संजातभए, सव्वतो समंता आधावमाणे परिधावमाणे एगं च णं महं सरं अप्पोदयं, पंकबहुलं, अतित्थेणं पाणियपाए उइन्नो।

" तत्थ णं तुम मेहा! तीरमतिगते पाणियं असपत्ते अंतरा चेव सेयंसि विसन्ने।

" तत्थ णं तुमं मेहा! पाणिय पाइस्सामि त्ति कट्टु हत्थे पसारेसि, से वि य ते हत्थे उदग न पावति।

" तते णं तुम मेहा! पुणरवि कायं पच्चुद्धरिस्सामीत्ति कट्टु बलियतरायं पकंसि खुत्ते।

" तते णं तुम मेहा! अन्नया कदाइ एगे चिरनिज्जूढे गयवरजुवाणए सगाओ जूहाओ कर--चरण--दंत--मुसलप्पहारेहिं विप्परद्धे समाणे तं चेव महद्दहं पाणीयं पादेउ समोयरेति।

" तते णं से कलभए तुमं पासति, पासित्ता तं पुव्ववेरं समराति, समरित्ता आसुरुत्ते, रुट्ठे, कुविए, चंडिक्किए, मिसिमिसेमाणे जेणेव तुमं तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता तुमं तिक्खेहिं दतमुसलेहिं तिक्खुत्तो पिट्ठतो उच्छुभति, उच्छुभित्ता पुव्वबेर निज्जाएति, निज्जाइत्ता हट्ठतुट्ठे पाणियं पियति, पिइत्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

" तते णं तव मेहा! सरीरगंसि वेयणा पाउब्भवित्था

विउला, कक्खडा, दुरहियासा पित्तज्जर—परिगयसरीरे दाहवक्कं-तीए यावि विहरित्था ।

" तते ण तुमं मेहा ! तं दुरहियासं सत्तराइंदियं वेयणं वेदेसि । सवीसं वाससतं परमाउं पालइत्ता अट्टवसट्टदुहट्टे कालमासे कालं किच्चा इहेव जंबुद्दीवे, भारहे वासे, दाहिणड्ढभरहे, गंगाए महाणदीए दाहिणे कूले, विझगिरिपायमूले एगेणं मत्तवरगंधहत्थिणा एगाए गयवर—करेणूए कुच्छिंसि गयकलभए जणिते ।

" तते णं सा गयकलभिया णवण्हं मासाणं वसंतमासम्मि तुमं पयाया ।

" तते ण तुम मेहा ! गब्भवासाओ विप्पमुक्के समाणे गयकलभए यावि होत्था, रत्तुप्पलरत्तसूमालए, इट्ठे णिगस्स जूह-वइणो, अणेगहत्थिसयसपरिवुडे रम्मेसु गिरिकाणणेसु सुहंसुहेणं विहरसि ।

" तते णं तुमं मेहा ! उम्मुक्कबालभावे जोव्वणगमणुपत्ते जूहवइणा कालधम्मुणा संजुत्तेणं त जूहं सयमेव पडिवज्जसि ।

" तते णं तुमं मेहा ! वणयरेहिं निव्वत्तियनामधेज्जे चउदंते मेरुप्पभे हत्थिरयणे होत्था । तत्थ णं तुमं मेहा ! सत्तंगपइट्ठिए तहेव... *जाव पडिरूवे । तत्थ णं तुमं मेहा ! मत्तसइयस्स जूहस्स आहेवच्चं करेमाणे अभिरमेत्था ।

---

* पृष्ठ ४१, पंक्ति १

" तते णं तुमं अन्नया कयाइ गिम्हकालसमयंसि जेट्ठामूले वणदवजालापलित्तेसु वणंतेसु, धूमाउलासु दिसासु.... *जाव मंडलवाए व्व परिब्भमंते, भीते, तत्थे, संजायभए बहूहिं हत्थीहि य कलभियाहि य सद्धिं सपरिवुडे सव्वतो समंता दिसोदिसिं विप्पलाइत्था।

" तते णं तव मेहा ! त वणदव पासित्ता अयमेयारूवे अज्झत्थिए समुप्पज्जित्था—" कहिं णं मन्ने मए अयमेयारूवे अग्गिसभवे अणुभूयपुव्वे । "

